# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

**ज्योतिष पायेङ**
**JYOTISH PAYENG**
**सहायक कुलसचिव (वित्त)** एवं
संयोजक, पोस्टर निर्माण प्रतिस्पर्धा
**ASSISTANT REGISTRAR (Fin.) &**
**Coordinator-Poster Competition**

दूरभाष/Phone : + 91-7152-232 946
फैक्स/Fax : + 91-7152-232 994
मोबाइल/Mobile : + 91-95459 88866


फा.सं.: 002/2015/Poster Pratispardha/130/2015/469
दिनांक - 18.11.2015

## सूचना

अभिव्यक्ति एवं विचारों के संचारण के लिए पोस्टर एक शक्तिशाली माध्यम है। विश्वभर में क्रांतिकारी विचार, ज्ञान, विज्ञान, एवं सामाजिक संघर्षों के संचारण में पोस्टरों का उपयोग उल्लेखनीय है। आज के विश्व में समाज के नागरिक विवेक की रचना में पोस्टर की भूमिका महत्त्वपूर्ण है।

किसी भी विश्वविद्यालय का यह कर्तव्य होता है कि शिक्षार्थियों में सृजनात्मकता एवं ज्ञान के रूपात्मक आधार का निर्माण करें जिसका उपयोग वे जगत एवं जीवन में कर सकें। इसी आशय के साथ विश्वविद्यालय के 18 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर निर्माण की प्रतिस्पर्धा का आयोजन विभागवार किया जा रहा है। जिसमें विश्वविद्यालय में चल रहे शैक्षणिक विभागों की महत्वत्ता, प्रासंगिकता तथा मूल्यों को प्रतिभागी विद्यार्थियों/शोधार्थियों द्वारा पोस्टरों पर प्रस्तुत किया जाना है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली (CBCS) के अनुरूप सृजनात्मकता के प्रोत्साहन हेतु विश्वविद्यालय के विद्यार्थी/शोधार्थी अपने विभाग के आलावा भी अन्य किसी एक विभाग में प्रतिभागी बन सकते हैं। पोस्टर निर्माण प्रतिस्पर्धा की समय-सारणी निम्नानुसार है:

**म.गा.अ.हि.वि. के 18 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों की महत्त्वता, प्रासंगिकता तथा मूल्यों पर पोस्टर निर्माण प्रतिस्पर्धा**

**दिनांक : 05 दिसंबर, 2015, दिन- शनिवार**
**समय : दोपहर 12 बजे से 2.00 बजे तक**
**स्थान : समता भवन, म.गा.अ.हि.वि., वर्धा**

अतः विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों/शोधार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक: 27 नवंबर, 2015** तक अपना नाम अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दर्ज कराएँ। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाताओं/निदेशकों /विभागाध्यक्षों/शोध-निर्देशकों/शिक्षकों से यह निवेदन है कि विद्यार्थियों/शोधार्थियों में सृजनात्मकता के प्रोत्साहन हेतु उनकी प्रतिभागिता सुनिश्चित कराएँ। प्रतिभागियों को यह भी सूचित किया जाता है कि उन्हें प्रतिस्पर्धा हेतु संबंधित दिशा-निर्देश का पालन करना होगा।

(ज्योतिष पायेङ)

up load
Pl.
LILA
20/11/15

**प्रतिलिपि–**

सभी विद्यापीठ/विभाग/केंद्र/छात्रावास


**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442005, (महाराष्ट्र), भारत**
**Post Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442005, (Maharashtra), India**
**ई-मेल/Email: jshpayeng@gmail.com; वेबसाइट/website:www.hindivishwa.org**